हर इंसान-एक समान | एक राष्ट्र-एक जान | मेरा भारत महान

समता आन्दोलन समिति (रजि.)

राष्ट्रीय कार्यालय : 18/2 -A, प्रेम नगर, जनकपुरी, तिलक नगर मेट्रो स्टेशन गेट नं. 4 के पास, नई दिल्ली - 110058

(पंजीकृत कार्यालय : 39, रामनगर -सी, झोटवाड़ा, जयपुर)

Website :www.samtaandolan.co.in   Email :samtaandolan@yahoo.in

माननीय श्री पानाचन्द जैन
संरक्षक (पूर्व न्यायाधिपति)

माननीय श्री अशोक कुमार सिंह
संरक्षक (पूर्व मेजर जनरल)

माननीय श्री भागीरथ शर्मा
संरक्षक (पूर्व आई. ए. एस.)

श्री इकराम राजस्थानी
सलाहकार, मो. 098290-[redacted]

पाराशर नारायण शर्मा
अध्यक्ष, मो. 094133-89665

राम निरंजन गौड़
महासचिव , मो. 094144-08499

ललित चाचाण
कोषाध्यक्ष , मो. 094140-95368

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पदेन प्रदेशाध्यक्षः-

दिल्ली
कैप्टेन गुरविन्दर सिंह
मो. 09314142509

चण्डीगढ़
श्रीराम पंसारी
मो. 09876127663

हरियाणा
धर्मवीर सिंह
मो. 09355084877

मध्यप्रदेश
अशोक शर्मा
मो. 07552576022

उत्तर प्रदेश
गिरजेश शर्मा
मो. 09412445269

उत्तराखण्ड
सी. एम. डिमरी
मो. 09411103390

छतीसगढ़
आर. सी. द्विवेदी
मो. 09752592233

गुजरात
अजित सिंह चौहान
मो. 09428693216

महाराष्ट्र
संजीव शुक्ला
मो. 09821390321

कर्नाटक
वेंकटरमनन कृष्णामूर्ति
मो. 09538966339

राजस्थान
पी. एन. शर्मा
मो. 09413389665

क्रमांक 65738   दिनांक : 12.09.2023

श्रीमान अनुराग सिंह ठाकुर,
कैबिनेट मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालीय,
भारत सरकार, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली– 110001

विषयः– प्रसार भारती के कार्यक्रम कार्मिकों एवं अधिकारियों की पदोन्नति किये जाने बाबत।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि आप यह भली भांति जानते हैं कि समता आन्दोलन किसी भी तरह का अन्याय और भेदभाव के विरूद्ध संघर्ष करने वाला देश का सबसे बड़ा संगठन है। आप यह भी जानते हैं कि प्रसार भारती में प्रसारण निष्पादक (**TREX**) एवं कार्यक्रम निष्पादक (**PEX**) के पदों पर 08 वर्ष पहले सीधी भर्तियाँ की गई थी। लेकिन आज तक इन दोनों सेवा संवर्गों में कोई पदोन्नतियाँ नहीं की गई हैं। अभियांत्रिकी एवं प्रशासनिक संवर्ग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की पदोन्नतियाँ लगातार नियमानुसार की जा रही हैं। लेकिन कार्यक्रम विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की पदोन्नतियाँ बिना किसी कारण के नहीं की जा रही हैं।

आप यह भली भांति जानते हैं कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा की जाने वाली "मन की बात" जैसे महत्वपूर्ण मासिक कार्यक्रम (जिसे प्रतिमाह करोड़ों लोग देखते और सुनते है) में कार्यक्रम कार्मिकों की भूमिका अत्यधिक महत्त्वपूर्ण रहती है। आप यह भी जानते हैं कि प्रसार भारती को यदि निजी क्षेत्र में चलने वाले प्रसार माध्यमों से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में मजबूत और मुखर रूप से स्थापित किये जाने का लक्ष्य प्राप्त करना है तो यह कार्यक्रम अधिकारियों की गुणवत्ता, कार्यकुशलता और कर्मठता बनाये रखे बिना सम्भव नहीं है। दुर्भाग्य से प्रसार भारती में इस समय कार्यक्रमों से संबंधित कार्मिकों/अधिकारियों (प्रसारण निष्पादक, कार्यक्रम निष्पादक, सहायक निदेशक कार्यक्रम, निदेशक कार्यक्रम आदि) की पदोन्नतियों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे इन अधिकारियों के मन में कुण्ठा, निराशा, हताशा के साथ-साथ कार्यक्रमों की गुणवत्ता और उत्पादन के प्रति उदासीनता बढती जा रही है। मोदी जी के सशक्त, संवेदनशील और निरन्तर विकासशील शासन के दौरान प्रसार भारती प्रशासन में ऐसी निष्क्रियता और संवेदनहीनता बेहद दुखदायी और पीड़ादायक है।

आश्चर्य की बात है कि तत्कालीन आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से प्रतिनियुक्ति पर आये कार्यक्रम निष्पादक और प्रसारण निष्पादकों को पदोन्नतियाँ दी जा रही हैं लेकिन प्रसार भारती में सीधी भर्ती से नियुक्त किये गये कार्यक्रम निष्पादकों एवं प्रसारण निष्पादकों को पदोन्नतियाँ नहीं दी जा रही हैं। यह सर्वविदित है कि तत्कालीन आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से प्रतिनियुक्ति पर प्रसार भारती में आये कार्मिकों/अधिकारियों के समान पदों और कार्यों का निर्वहन करने वाले प्रसार भारती के कर्मठ कार्मिकों/अधिकारियों को अकारण ही भेद–भाव का दंश झेलना पड़ रहा है। यह भी सर्वविदित है कि प्रसार भारती में प्रत्येक सेवा संवर्ग में सैकड़ों की संख्या में पद खाली पड़े हैं।

आपसे आग्रह है कि कृपया 08 वर्ष पहले सीधी भर्ती द्वारा प्रसार भारती में नियुक्त किये गये प्रसारण निष्पादकों एवं कार्यक्रम निष्पादकों की तुरन्त पदोन्नतियाँ करने का अनुग्रह करें।

कृपया त्वरित सकारात्मक कार्यवाही के लिए अग्रिम धन्यवाद।

भवदीय,

पाराशर नारायण
अध्यक्ष

क्रमांक: 65740–66516

प्रतिलिपिः– सभी सम्मानीय सांसदों को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।